Hindi + English

(0999DMD363161240008)

Test Pattern

ALLEN CAREER INSTITUTE KOTA (RAJASTHAN) path to success

DISTANCE LEARNING PROGRAMME

(Academic Session : 2024-2025)

NEET (UG)
TEST # 08
19-01-2025

PRE-MEDICAL : ACHIEVER TEST SERIES / JOINT PACKAGE COURSE

12th Undergoing/Pass Students

Test Type : UNIT TEST # 07

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक ना खोलें जब तक कहा न जाए।

Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.

इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.

महत्वपूर्ण निर्देश :

1. उत्तर पत्र के **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यानपूर्वक केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **3 घंटे 20 मिनट** है एवं परीक्षा पुस्तिका में **200** प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए परीक्षार्थी को **4** अंक दिए जाएंगें। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल योग में से **एक अंक** घटाया जाएगा। अधिकतम अंक **720** है।
3. इस प्रश्न पत्र के प्रत्येक विषय में **2 खण्ड** है। **खण्ड A** में **35** प्रश्न है (सभी प्रश्न अनिवार्य है) तथा **खण्ड B** में **15** प्रश्न है। परीक्षार्थी इन 15 प्रश्नों में से कोई भी 10 प्रश्न कर सकता है। यदि परीक्षार्थी 10 से अधिक प्रश्न का उत्तर देता है तो हल किये हुए प्रथम 10 प्रश्न ही मान्य होंगे।
4. यदि किसी प्रश्न में एक से अधिक विकल्प सही हो, तो सबसे उचित विकल्प को ही उत्तर माना जायेगा।
5. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
6. रफ कार्य इस परीक्षा पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही करें।
7. **परीक्षा सम्पन्ना होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। परीक्षार्थी अपने साथ केवल परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।**
8. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएं। परीक्षार्थी अपना फॉर्म नम्बर प्रश्न पुस्तिका/ उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
9. उत्तर पत्र पर किसी प्रकार के संशोधन हेतु व्हाइट फ़्लुइड के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।

Important Instructions :

1. On the Answer Sheet, fill in the particulars on **Side-1 and Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **3 hours 20 minutes** duration and this Test Booklet contains **200** questions. Each question carries **4** marks. For each correct response, the candidate will get 4 marks. For each incorrect response, **one mark** will be deducted from the total scores. The maximum marks are **720**.
3. In this Test Paper, each subject will consist of **two sections. Section A** will consist of 35 questions (all questions are mandatory) and **Section B** will have 15 questions. Candidate can choose to attempt any 10 question out of these 15 questions. In case if candidate attempts more than 10 questions, first 10 attempted questions will be considered for marking.
4. In case of more than one option correct in any question, the best correct option will be considered as answer.
5. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses.
6. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Test Booklet only.
7. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator before leaving the Room/ Hall. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.**
8. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Form No. anywhere else except in the specified space in the Test Booklet/Answer Sheet.
9. Use of white fluid for correction is **not** permissible on the Answer Sheet.

किसी भी प्रश्न के अनुवाद में अस्पष्टता के मामले में, अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

In case of any ambiguity in translation of any question, English version shall be treated as final.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षर में) :

Name of the Candidate (in Capitals) : _____

फॉर्म नम्बर : अंकों में

Form Number : in figures _____

: शब्दों में

: in words _____

परीक्षा केंद्र (बड़े अक्षरों में) :

Centre of Examination (in Capitals) : _____

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

Candidate's Signature : _____

निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Invigilator's Signature : _____

Your Target is to secure Good Rank in Pre-Medical 2025

Topic : Ray Optics and Optical Instruments, Wave optics

अनुभाग - A (भौतिकी)

1. निम्न में से असत्य कथन है :-

(1) उत्तल दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन सदैव एक से कम होता है।

(2) समतल दर्पण से एक आभासी, सीधा व समान आकार का एक प्रतिबिम्ब प्राप्त किया जा सकता है।

(3) अवतल दर्पण से एक आभासी, सीधा एवं आवर्धित प्रतिबिम्ब प्राप्त किया जा सकता है।

(4) उत्तल दर्पण से एक वास्तविक, उल्टा व समान आकार का प्रतिबिम्ब प्राप्त किया जा सकता है।

2. जब किसी वस्तु की अवतल दर्पण से दूरी 15 cm से घटाकर 9 cm कर दी जाती है, तो वास्तविक प्रतिबिम्ब पहले की तुलना में 3 गुना आवर्धित हो जाता है। दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात कीजिये।

(1) 3 cm (2) 6 cm

(3) 9 cm (4) 7.2 cm

3. 40 cm फोकस दूरी वाले उत्तल दर्पण के सामने 40 cm की दूरी पर वस्तु को रखने पर प्रतिबिंब की स्थिति तथा आवर्धन ज्ञात करों।

(1) 20 cm, 2 (2) 20 cm, 0.5

(3) ∞, 2 (4) ∞, 0.5

4. 0.1μm व्यास के किसी सूक्ष्मछिद्र द्वारा प्राप्त उस विवर्तन प्रतिरूप पर विचार कीजिए जो सूर्य के प्रकाश के आपतित होने पर बनता है। यदि इस सूक्ष्मछिद्र के व्यास में थोड़ी वृद्धि कर दें तो यह विवर्तन प्रतिरूप को इस प्रकार प्रभावित करेगा कि विवर्तन प्रतिरूप :

(1) का आकार घटेगा तथा तीव्रता घटेगी।

(2) के आकार में वृद्धि होगी तथा तीव्रता में वृद्धि होगी।

(3) के आकार में वृद्धि होगी परन्तु तीव्रता घटेगी।

(4) का आकार घटेगा परन्तु तीव्रता में वृद्धि होगी।

5. यदि गोलीय दर्पण की वक्रता त्रिज्या की परिवर्तन दर 2.5 cm/sec हो, तो फोकस दूरी के परितर्वन की दर होगी :-

(1) 5 cm/s (2) 2.5 cm/s

(3) 1.25 cm/s (4) 3 cm/s

SECTION - A (PHYSICS)

1. Which of the following statements is incorrect :-

(1) The magnification produced by a convex mirror is always less than one.

(2) A virtual, erect, same-sized image can be obtained using a plane mirror.

(3) A virtual, erect, magnified image can be formed using a concave mirror.

(4) A real, inverted, same-sized image can be formed using a convex mirror.

2. When the distance of an object from a concave mirror is decreased from 15 cm to 9 cm, the real image gets magnified 3 times than that in first case. Calculate the focal length of the mirror.

(1) 3 cm (2) 6 cm

(3) 9 cm (4) 7.2 cm

3. An object is placed at a distance of 40 cm from a convex mirror of focal length 40 cm. find the position of image and magnification

(1) 20 cm, 2 (2) 20 cm, 0.5

(3) ∞, 2 (4) ∞, 0.5

4. Consider the diffraction pattern obtained from the sunlight incident on a pinhole of diameter 0.1μm. If the diameter of the pinhole is slightly increased, it will affect the diffraction pattern such that :

(1) its size decreases, and intensity decreases.

(2) its size increases, and intensity increases.

(3) its size increases, but intensity decreases.

(4) its size decreases, but intensity increases.

5. If radius of curvature of spherical mirror is changing with time at the rate of 2.5 cm/sec then rate of change of focal length will be :

(1) 5 cm/s (2) 2.5 cm/s

(3) 1.25 cm/s (4) 3 cm/s

6. किसी कार में लगे पीछे देखने वाले दर्पण में लिखा होता है, "दर्पण में वस्तु को देखने से वह अपनी स्थिति से अधिक पास दिखाई देती है" क्या वह प्रतिबिंब अपनी वस्तु की स्थिति से दूर दिखाई देता है

(1) हाँ, वह प्रतिबिंब छोटा तथा वस्तु से अधिक दूरी पर दिखता है।

(2) नहीं, वह प्रतिबिंब छोटा तथा वस्तु से अधिक पास दिखता है।

(3) नहीं, वह प्रतिबिंब बड़ा तथा वस्तु से अधिक पास दिखता है।

(4) हाँ, वह प्रतिबिंब बड़ा तथा वस्तु से अधिक दूरी पर दिखाई देता है।

7. किसी एक वर्ण के प्रकाश के लिए वायु में तरंगदैर्ध्य 6000Å तथा जल में इसी प्रकाश की तरंगदैर्ध्य 4500 Å है। जल में प्रकाश की चाल होगी :-

(1) 5.0×10^{14} m/s (2) 2.25×10^{8} m/s

(3) 4.0×10^{8} m/s (4) शून्य

8. 10 cm वक्रता त्रिज्या की एक गोलीय सतह, X तथा Y दो माध्यमों को विभाजित करती है, जिनके अपवर्तनांक क्रमशः 4/3 व 3/2 हैं। सतह का वक्रता केन्द्र माध्यम X में स्थित है, एक बिम्ब माध्यम X में रखा है।

(1) प्रतिबिम्ब हमेशा वास्तविक होगा।

(2) प्रतिबिम्ब वास्तविक होगा यदि बिम्ब की दूरी 90 cm से अधिक है।

(3) प्रतिबिम्ब हमेशा आभासी होगा।

(4) प्रतिबिम्ब आभासी तभी होगा जब बिम्ब की दूरी 90 cm से कम हो।

9. दो अमिश्रणीय द्रव जिनके अपवर्तनांक क्रमशः $\frac{8}{5}$ एवं $\frac{3}{2}$ हैं, को एक बीकर में भरा गया है। प्रत्येक द्रव स्तम्भ की ऊँचाई 6 cm है। एक सिक्का बीकर के पैंदे में पड़ा हुआ है। लम्बवत् दृष्टि द्वारा सिक्के की आभासी गहराई $\frac{\alpha}{4}$cm है, तो α का मान है :-

(1) 11 (2) 31 (3) 62 (4) 162

6. The rear view mirror of a car has the notation, " Objects seen in the mirror are closer than they appear" Is the image really farther away from the object

(1) Yes, the image is smaller and farther away from the object.

(2) No, the image is smaller and closer than the object

(3) No, the image is larger and closer than the object

(4) Yes, the image is larger and farther away than the object.

7. For a colour of light the wavelength in air is 6000Å and in water the wavelength is 4500 Å. Then the speed of light in water will be :-

(1) 5.0×10^{14} m/s (2) 2.25×10^{8} m/s

(3) 4.0×10^{8} m/s (4) Zero

8. A concave spherical surface of radius of curvature 10 cm separates two mediums X and Y of refractive indices 4/3 and 3/2 respectively. Centre of curvature of the surface lies in the medium X. An object is placed in medium X.

(1) Image is always real

(2) Image is real if the object distance is greater than 90 cm.

(3) Image is always virtual

(4) Image is virtual only if the object distance is less than 90 cm.

9. Two immiscible liquids of refractive indices $\frac{8}{5}$ and $\frac{3}{2}$ respectively are put in a beaker. The height of each column is 6 cm. A coin is placed at the bottom of the beaker. For normal vision, the apparent depth of the coin is $\frac{\alpha}{4}$cm. The value of α is :-

(1) 11 (2) 31 (3) 62 (4) 162

10. किसी तरणताल में एक गोताखोर तरणताल के एक कोने पर बैठे एक व्यक्ति को अपनी जलरोधी फ्लैश लाइट से संकेत देना चाहता है तो :-

(1) उसे किरण पुंज की दिशा ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर रखनी चाहिए।

(2) उसे किरण पुंज की दिशा क्षैतिज रखनी चाहिए।

(3) उसे किरण पुंज की दिशा पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के लिए क्रांतिक कोण से थोड़े कम कोण पर (ऊर्ध्वाधर से) रखनी चाहिए।

(4) उसे किरण पुंज की दिशा पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के लिए क्रांतिक कोण से थोड़े अधिक कोण पर (ऊर्ध्वाधर से) रखनी चाहिए।

11. राम उसके मित्र श्याम को एक मोटे काँच सिल्ली (पट्टिका) (n = 1.5) से देखता है। श्याम उससे 100 cm दूरी पर है। लेकिन उसे प्रतीत होता है कि वह उससे 98 cm दूरी पर है। काँच की सिल्ली की मोटाई क्या है ?

(1) 2 cm

(2) 4 cm

(3) 6 cm

(4) 5 cm

12. यदि प्रकाश वायु में t_1 sec में x दूरी तय करता है एवं एक अन्य माध्यम में t_2 sec में 10 x तय करता है, तो माध्यम के लिए क्रान्तिक कोण का मान होगा:

(1) $\tan^{-1}\left(\frac{t_1}{t_2}\right)$

(2) $\sin^{-1}\left(\frac{t_1}{t_2}\right)$

(3) $\sin^{-1}\left(\frac{10\,t_1}{t_2}\right)$

(4) $\tan^{-1}\left(\frac{10\,t_1}{t_2}\right)$

13. एक समतल सतह पर काँच $\left(\mu = \frac{5}{3}\right)$ का 8 cm मोटाई का एक बड़ा गुटका प्रकाश के एक बिन्दु स्रोत पर रखा है। यह देखा जाता है कि इसके ऊपरी पृष्ठ से प्रकाश R cm त्रिज्या के वृत्ताकार क्षेत्र से बाहर निकलता है। R का मान ज्ञात कीजिए।

(1) 2 (2) 3 (3) 5 (4) 6

10. A diver in a swimming pool wants to signal his distress to a person lying on the edge of the pool by flashing his water proof flash light .

(1) He must direct the beam vertically upwards

(2) He has to direct the beam horizontally

(3) He has to direct the beam at an angle to the vertical which is slightly less than the critical angle of incidence for total internal reflection

(4) He has to direct the beam at an angle to the vertical which is slightly more than the critical angle of incidence for the total internal reflection

11. Ram sees his friend Shyam through a thick glass slab (n = 1.5). Shyam is at a distance of 100 cm from him, but he seems to be at a distance of 98 cm from himself. What is the thickness of the slab ?

(1) 2 cm

(2) 4 cm

(3) 6 cm

(4) 5 cm

12. If light travels a distance x in t_1 sec in air and 10x distance in t_2 sec in a medium, the critical angle of the medium will be:

(1) $\tan^{-1}\left(\frac{t_1}{t_2}\right)$

(2) $\sin^{-1}\left(\frac{t_1}{t_2}\right)$

(3) $\sin^{-1}\left(\frac{10\,t_1}{t_2}\right)$

(4) $\tan^{-1}\left(\frac{10\,t_1}{t_2}\right)$

13. A large glass slab $\left(\mu = \frac{5}{3}\right)$ of thickness 8 cm is placed over a point source of light on a plane surface. It is seen that light emerges out of the top surface of the slab from a circular area of radius R cm. What is the value of R?

(1) 2 (2) 3 (3) 5 (4) 6

14. एक समबाहु प्रिज्म के माध्यम तथा वायु के लिए क्रांतिक कोण 45° है। यदि प्रकाश की आपतित किरण प्रिज्म के अपवर्तक सतह के लम्बवत् हो, तो :

(1) विचलन के बाद यह दूसरी अपवर्तक सतह से हवा में निकल जायेगी।

(2) दूसरी सतह पर पूर्ण परावर्तित होती है तथा तीसरी सतह के लम्बवत् वायु में निकल जाती है।

(3) दूसरी तथा तीसरी अपवर्तक सतहों से पूर्ण परावर्तित होती है तथा अन्त में पहली सतह से प्रिज्म के बाहर निकल जाती है।

(4) प्रिज्म की तीनों सतहों से पूर्ण परावर्तित होती है तथा प्रिज्म के बाहर कभी नहीं निकलती है।

15. किसी प्रिज्म का कोण 'A' है। इस प्रिज्म के एक अपवर्तक सतह (फलक) को रजतित कर परावर्तक बना दिया गया है। इसके पृष्ठ पर, 2A कोण पर आपतित प्रकाश की किरणें, रजतित सतह से परावर्तन के पश्चात् अपने मार्ग पर वापस आ जाती हैं। प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक μ होगा :-

(1) 2sinA (2) 2cos A

(3) $\frac{1}{2}$ cosA (4) tanA

16. एक वस्तु एक अभिसारी लैंस की तरफ बायीं ओर से नियत चाल 5 m/s से गति करता है तथा फोकस पर रूक जाता है, प्रतिबिम्ब :-

(1) लैंस से दूर नियत चाल 5 m/s से गति करेगा

(2) लैंस से दूर नियत त्वरण से गति करेगा

(3) लैंस से दूर असमान त्वरण से गति करेगा।

(4) लैंस की ओर असमान त्वरण से गति करेगा।

17. जल (अपवर्तनांक = 4/3) में गतिशील एक समान्तर प्रकाश पुंज जल में स्थित एक 2cm त्रिज्या के गोलाकार वायु के बुलबुले द्वारा अपवर्तित होता है। प्रकाश किरणों को उपाक्षीय मानते हुये प्रथम सतह पर अपवर्तन के कारण उत्पन्न प्रतिबिम्ब की स्थिति होगीः-

(1) प्रथम सतह से 6 cm पर।

(2) प्रथम सतह से 12 cm पर।

(3) प्रथम सतह से 3 cm पर।

(4) प्रथम सतह से 10 cm पर।

14. The critical angle between an equilateral prism and air is 45°. If the incident ray is perpendicular to the refracting surface, then

(1) After deviation it will emerge from the second refracting surface.

(2) It is totally reflected on the second surface and emerges out perpendicularly from third surface in air.

(3) It is totally reflected from the second and third refracting surfaces and finally emerges out from the first surface.

(4) It is totally reflected from all the three sides of prism and never emerges out.

15. The angle of a prism is 'A'. One of its refracting surfaces is silvered. Light rays falling at an angle of incidence 2A on the first surface returns back through the same path after suffering reflection at the silvered surface. The refractive index μ, of the prism is :-

(1) 2sinA (2) 2cos A

(3) $\frac{1}{2}$ cosA (4) tanA

16. An object approaches a convergent lens from the left of lens with a uniform speed 5 m/s and stops at the focus. The image :-

(1) Moves away from lens with a uniform speed 5 m/s

(2) Moves away from lens with uniform acceleration.

(3) Moves away from lens with non uniform acceleration.

(4) Moves towards the lens with non uniform acceleration.

17. A parallel beam of light travelling in water (refractive index = 4/3) is refracted by a spherical air bubble of radius 2cm situated in water. Assuming the light rays to be paraxial, the position of the image due to refraction at the first surface is -

(1) 6 cm from the first surface.

(2) 12 cm from the first surface.

(3) 3 cm from the first surface.

(4) 10 cm from the first surface.

18. किरणों का अभिसारी पुंज अपसारी लेंस पर आपतित होता है। लेंस से गुजरने के बाद किरणें लेंस से 10cm दूर बिन्दु पर प्रतिच्छेदित होती है। यदि लेंस को हटा दिया जाये तो जहां किरणें मिलती हैं, वह बिन्दु अपनी पुरानी स्थिति से 20/3 cm पास आ जाएगा। लेंस की फोकस दूरी (बिना चिन्ह के) सेमी में ज्ञात कीजिए।

(1) 10 cm

(2) 20 cm

(3) 5 cm

(4) 6 cm

19. प्रकाश का एक समानान्तर पुंज, 20 cm फोकस दूरी वाले पतले अभिसारी लेंस पर अक्षतः आपतित हो रहा है। निर्गमित प्रकाश लेंस के दूसरी ओर 30 cm दूर स्थित पर्दे पर आपतित हो रहा है। लेंस के सम्पर्क में, 1 cm भुजा वाले त्रिभुजाकार द्वारक वाली एक अपारदर्शक पट्टिका रखी हुयी है (चित्र देखिये)



निम्नलिखित चित्रों में से कौनसा पर्दे पर द्वारक के प्रकाश को सर्वाधिक सही दर्शाता है?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

18. A converging beam of rays is incident on a diverging lens. Having passed through the lens the rays intersect at a point 10 cm from the lens. If the lens is removed, the point where the rays meet will move 20/3 cm closer from previous position. Find the focal length of the lens without sign.

(1) 10 cm

(2) 20 cm

(3) 5 cm

(4) 6 cm

19. A parallel beam of light falls axially on a thin converging lens of focal length 20 cm. The emergent light falls on a screen placed 30 cm beyond the lens. An opaque plate with a triangular aperture, side 1 cm, is in contact with the lens.



Which one of the following diagrams best shows to appearance of the patch of light seen on the screen?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

20. चित्रानुसार काटे गये एक समोत्तल पतले लेंस के लिये सही किरण आरेख होगा (उपाक्षीय प्रतिबंध लागू होता है) :-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

21. 10 cm फोकस दूरी का उत्तल लेंस एक अवतल लेंस के सम्पर्क में है। इस संयोजन की फोकस दूरी संख्यात्मक रूप से अवतल लेंस की फोकस दूरी के बराबर है। अवतल लेंस की फोकस दूरी होगी

(1) 10cm (2) 15cm (3) 5cm (4) 20cm

22. सरल सूक्ष्मदर्शी की फोकस दूरी 2.5 cm है। इसकी आवर्धन शक्ति है जब प्रतिबिम्ब (a) स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी पर बने, (b) अनन्त पर बने :-

(1) 11, 10 (2) 10, 11

(3) 12, 13 (4) 13, 14

23. **कथन :-** वायु के सापेक्ष तारपीन के तेल का अपवर्तनांक वायु के सापेक्ष जल के अपवर्तनांक से अधिक होता है।
कारण :- तारपीन के तेल का द्रव्यमान घनत्व, जल से अधिक होता है।

(1) कथन एवं कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण कथन का सही स्पष्टीकरण है।

(2) कथन एवं कारण दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) कथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है।

(4) कथन व कारण दोनों असत्य हैं।

20. Choose the correct ray diagram of an equi convex thin lens which is cut as shown (paraxial condition satisfied) :-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

21. A convex lens of focal length 10 cm is in contact with a concave lens. The focal length of the combination is numerically equal to that of the concave lens. The focal length of the concave lens is

(1) 10cm (2) 15cm (3) 5cm (4) 20cm

22. Focal length of simple microscope is 2.5 cm. Find out its magnifying power when image is (a) At minimum distance of distinct vision, (b) at infinite:-

(1) 11, 10 (2) 10, 11

(3) 12, 13 (4) 13, 14

23. **Assertion :-** Refractive index of turpentine with respect to air is more than that of water with respect to air.
Reason :- Mass density of turpentine is more than that of water.

(1) Both Assertion & Reason are True & the Reason is a correct explanation of the Assertion.

(2) Both Assertion & Reason are True but Reason is not a correct explanation of the Assertion.

(3) Assertion is True but the Reason is False.

(4) Both Assertion & Reason are False.

24. दर्शाये अनुसार समतल तरंगाग्र एक गोलीय दर्पण पर आपतित होता है। परावर्तीत तरंगाग्र होगा :-



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

25. I एवं 4I तीव्रता की दो प्रकाश तरंगें एक पर्दे पर व्यतिकरण प्रतिरुप बनाती हैं। बिन्दु A पर दोनों किरणों के बीच कलान्तर $\frac{\pi}{2}$ है तथा बिन्दु B पर कलान्तर π है। तब बिन्दु A तथा B पर उत्पन्न परिणामी तीव्रताओं का अन्तर है :-

(1) 2I (2) 4I (3) 5I (4) 7I

26. यंग द्वि-स्लिट प्रयोग में दोनों स्लिटें λ तरंगदैर्ध्य तथा A आयाम वाले कलासंबंद्ध स्रोतों की तरह कार्य करती हैं। दूसरे प्रयोग में ये समान आयाम A तथा λ तरंगदैर्ध्य के कला असंबंद्ध स्रोत हैं। प्रथम तथा द्वितीय स्थिति में पर्दे के मध्य बिन्दु पर प्रकाश की परिणामी तीव्रता का अनुपात होगा :-

(1) 1 : 1 (2) 2 : 1

(3) 4 : 1 (4) इनमें से कोई नहीं

24. Plane wavefronts are incident on a spherical mirror as shown. The reflected wavefronts will be :-



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

25. Two beams of light having intensities I and 4I interfere to produce a fringe pattern on a screen. The phase difference between the beams is $\frac{\pi}{2}$ at point A and π at point B. Then the difference between the resultant intensities at A and B is :-

(1) 2I (2) 4I (3) 5I (4) 7I

26. In Young's double slit experiment, the two slits act as coherent sources of equal amplitude A and wavelength λ. In another experiment with the same setup the two slits are sources of equal amplitude A and wavelength λ but are incoherent. The ratio of the intensity of light at the midpoint of the screen in the first case to that in the second case is :-

(1) 1 : 1 (2) 2 : 1

(3) 4 : 1 (4) None of these

27. **कथनः** यदि दो कला सम्बंध स्त्रोत एक दूसरे के अत्यन्त समीप (d⟶0) हों तो कोई व्यतिकरण प्रतिरूप प्रेक्षित नहीं होता है।
कारणः फ्रिंज चौड़ाई दोनों स्लिटों के मध्य दूरी के व्युत्कमानुपाती होती है।
(1) दोनों कथन-कारण सत्य हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या है।
(2) दोनों कथन तथा कारण सत्य हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(3) कथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।
(4) कथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है।

28. यंग के द्वि-स्लिट प्रयोग में एक स्लिट के सम्मुख काँच की प्लेट लगाई जाती है। जिससे उसकी प्रकाश तीव्रता आधी हो जाती है, इस अवस्था में
(1) दोनों दीप्त और अदीप्त फ्रिन्जों की प्रकाश तीव्रता कम हो जायेगी
(2) फ्रिन्ज चौड़ाई कम हो जायेगी
(3) फ्रिन्जें दिखाई नहीं देंगी
(4) दीप्त फ्रिन्ज की तीव्रता कम हो जायेगी तथा अदीप्त फ्रिन्ज पर कुछ प्रकाश की तीव्रता हो जायेगी

29. द्वि-स्लिट प्रयोग में सोडियम प्रकाश(λ =5890 Å) के लिए व्यतिकरण फ्रिन्जों की कोणीय चौड़ाई 0.20° है तो, फ्रिन्जों की कोणीय चौड़ाई में 10 प्रतिशत वृद्धि करने के लिये तरंगदैर्ध्य में आवश्यक परिवर्तन होगा -
(1) 589 Å की वृद्धि (2) 589 Å की कमी
(3) 6479 Å की वृद्धि (4) शून्य

30. यंग के द्विस्लिट प्रयोग में फ्रिन्ज चौड़ाई β पाई जाती है। यदि आवृत्ति को दोगुना कर दिया जाये, तो फ्रिन्ज चौड़ाई होगी -
(1) 2β (2) $3\beta/2$
(3) β (4) $\beta/2$

31. फ्रॉनहॉफर के एकल स्लिट विवर्तन के लिए-
(1) केन्द्रीय उच्चिष्ठ की चौड़ाई λ के समानुपाती होती है।
(2) स्लिट की चौड़ाई बढ़ाने पर केन्द्रीय उच्चिष्ठ की चौड़ाई कम हो जाती है।
(3) स्लिट की चौड़ाई $a = \lambda$ हो जाने पर केन्द्रीय उच्चिष्ठ $\pm 90°$ में फैल जाता है।
(4) उपरोक्त सभी तथ्य सही हैं।

27. **Assertion :** No interference pattern is observed when two coherent sources are infinitely close (d ⟶ 0)to each other.
Reason : The fringe width is inversely proportional to the distance between slits.
(1) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and reason is correct explanation of Assertion.
(2) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and reason is not correct explanation of Assertion.
(3) Assertion is True but reason is False.
(4) Assertion is False but reason is True.

28. In Young's double slit experiment, a glass plate is placed before a slit which absorbs half the intensity of light. Under this case
(1) The brightness of both bright and dark fringes decreases
(2) The fringe width decreases
(3) No fringes will be observed
(4) The bright fringes become fainter and the dark fringes have finite light intensity

29. In double slit experiment, the angular width of the fringes is 0.20° for the sodium light (λ =5890 Å). In order to increase the angular width of the fringes by 10%, the necessary change in the wavelength is
(1) Increase of 589 Å (2) Decrease of 589 Å
(3) Increase of 6479Å (4) Zero

30. Fringe width observed in the Young's double slit experiment is β. If the frequency of the source is doubled, the fringe width will :
(1) become 2β (2) become $3\beta/2$
(3) remain as β (4) become $\beta/2$

31. For Fraunhoffer single slit diffraction –
(1) width of central maxima is proportional to λ
(2) on increasing the slit width, the width of central maxima decreases
(3) on making the slit width $a = \lambda$, central maxima spreads in the range $\pm 90°$
(4) all of the above are correct

32. 650 nm और 655 nm तरंगदैर्ध्य वाले सोडियम प्रकाश को 0.5 mm द्वारक वाली एकल स्लिट पर विवर्तन के अध्ययन में काम लिया जाता है। स्लिट व पर्दे के मध्य की दूरी 2m है। दोनों प्रकरणों में प्राप्त विवर्तन प्रतिरूप के प्रथम उच्चिष्ठ की स्थितियों के मध्य की दूरी ज्ञात करें :-

(1) 2×10^{-5} m (2) 3×10^{-5} m

(3) 0.5×10^{-5} m (4) 1×10^{-5} m

33. एकल झिर्री विवर्तन में क्रमागत उच्चिष्ठों की तीव्रताओं का अनुपात होगा :-

(1) 1 : 4 : 9 (2) 1 : 2 : 3

(3) $1 : \frac{4}{9\pi^2} : \frac{4}{25\pi^2}$ (4) $1 : \frac{1}{\pi^2} : \frac{9}{\pi^2}$

34. निम्न में से किसका ध्रुवण नहीं हो सकता ?

(1) रेडियो तरंगें (2) पराबैंगनी तरंगें

(3) अवरक्त तरंगें (4) पराश्रव्य तरंगें

35. किसी माध्यम के लिये ध्रुवण कोण 60° है, इसके लिये क्रांतिक कोण होगा :

(1) $\sin^{-1}\sqrt{3}$ (2) $\tan^{-1}\sqrt{3}$

(3) $\cos^{-1}\sqrt{3}$ (4) $\sin^{-1}\frac{1}{\sqrt{3}}$

अनुभाग - B (भौतिकी)

36. एक बिन्दु वस्तु को किसी अवतल दर्पण की मुख्य अक्ष पर ध्रुव से बहुत अधिक दूरी पर रखा है तथा वस्तु नियत चाल 0.5 cm/sec से ध्रुव की ओर गति कर रही है। इसका प्रतिबिम्ब भी गति कर रहा है। यह पाया जाता है कि वस्तु तथा प्रतिबिम्ब एक बिन्दु, जो ध्रुव से 50 cm की दूरी पर है, पर एक-दूसरे को पार करते हैं।
जब वस्तु ध्रुव से 30 cm की दूरी पर है, तब प्रतिबिम्ब की स्थिति होगी:

(1) परावर्तक सतह के सामने ध्रुव से 150 cm दूरी पर

(2) दर्पण के पीछे ध्रुव से 120 cm दूरी पर

(3) दर्पण के पीछे ध्रुव से 150 cm दूरी पर

(4) परावर्तक सतह के सामने ध्रुव से 120 cm दूरी पर

32. Sodium light of wavelengths 650 nm and 655 nm is used to study diffraction at a single slit of aperture 0.5 mm. The distance between the slit and the screen is 2.0 m. The separation between the positions of the first maxima of diffraction pattern obtained in the two cases is :-

(1) 2×10^{-5} m (2) 3×10^{-5} m

(3) 0.5×10^{-5} m (4) 1×10^{-5} m

33. The ratio of intensities of consecutive maxima in the diffraction pattern due to a single slit is :

(1) 1 : 4 : 9 (2) 1 : 2 : 3

(3) $1 : \frac{4}{9\pi^2} : \frac{4}{25\pi^2}$ (4) $1 : \frac{1}{\pi^2} : \frac{9}{\pi^2}$

34. Which of the following waves can not be polarised ?

(1) Radio waves (2) Ultraviolet waves

(3) Infrared waves (4) Ultrasonic waves

35. The angle of polarisation for any medium is 60° what will be critical angle for this :

(1) $\sin^{-1}\sqrt{3}$ (2) $\tan^{-1}\sqrt{3}$

(3) $\cos^{-1}\sqrt{3}$ (4) $\sin^{-1}\frac{1}{\sqrt{3}}$

SECTION - B (PHYSICS)

36. A point object is placed on the principal axis of a concave mirror quite far away from the pole and moved at a constant speed 0.5 cm/sec towards the pole. The image also moves. It is found that the object and the image cross each other at a point which is at a distance 50 cm from the pole. Position of the image when the object is at a distance 30 cm from the pole is :

(1) 150 cm from the pole in front of the reflecting surface

(2) 120 cm from the pole behind the mirror

(3) 150 cm from the pole behind the mirror

(4) 120 cm from the pole in front of the reflecting surface

37. 20 सेमी. वक्रता त्रिज्या के एक अवतल दर्पण के सामने 15 सेमी दूरी पर एक बिन्दु वस्तु है, जो 2 मिमी/से के वेग से मुख्य अक्ष के लम्बवत गतिमान है। इस क्षण प्रतिबिम्ब के वेग का परिमाण होगा।

(1) 2 mm/s (2) 4 mm/s

(3) 8 mm/s (4) 16 mm/s

38. 1.5 m लम्बी एक छड़ 50 cm फोकस दूरी के एक उत्तल दर्पण के मुख्य अक्ष के अनुदिश रखी जाती है। छड़ का नजदीकी सिरा उत्तल दर्पण के ध्रुव से 1m है। छड़ के प्रतिबिम्ब की लम्बाई है :

(1) 15 cm (2) $\frac{125}{3}$ cm

(3) $\frac{100}{3}$ cm (4) $\frac{25}{3}$ cm

39. 21 सेमी ऊँचे बर्तन में किस ऊँचाई तक पानी भरा जाये कि बर्तन ऊपर से देखने पर आधा भरा प्रतीत हो : (दिया है ${}_a\mu_w = 4/3$)

(1) 8.0 cm (2) 10.5 cm

(3) 12.0 cm (4) इनमें से कोई नहीं

40. प्रकाश की एक किरण t मोटाई वाले कांच के गुटके पर चित्रानुसार आपतित होती है। निर्गत किरण आपतित किरण के समान्तर होती है किन्तु पार्श्वतः d दूरी पर विस्थापित होती है। यदि कोण i व r अत्यल्प हों, तो d का मान है :-



(1) $t\left(1-\frac{i}{r}\right)$ (2) $rt\left(1-\frac{i}{r}\right)$

(3) $it\left(1-\frac{r}{i}\right)$ (4) $t\left(1-\frac{r}{i}\right)$

41. किसी प्रिज्म का अपवर्तक कोण 'A' है और इसके पदार्थ का अपवर्तनांक cot (A/2) है। न्यूनतम विचलन कोण होगा :-

(1) 180° – 2A (2) 90° – A

(3) 180° + 2A (4) 180° – 3A

37. A point object on the principle axis at a distance 15 cm in front of a concave mirror of radius of curvature 20 cm has velocity 2 mm/s perpendicular to the principal axis. The magnitude of velocity of image at that instant will be :-

(1) 2 mm/s (2) 4 mm/s

(3) 8 mm/s (4) 16 mm/s

38. A rod 1.5 m long is placed along the principal axis of a convex mirror of focal length 50 cm. The near end of the rod is 1m from the pole of the convex mirror. The length of the image of the rod is.

(1) 15 cm (2) $\frac{125}{3}$ cm

(3) $\frac{100}{3}$ cm (4) $\frac{25}{3}$ cm

39. Height upto which water should be filled in a container 21 cm in height, so that it appears half filled when viewed from the top of the container : (given that ${}_a\mu_w = 4/3$)

(1) 8.0 cm (2) 10.5 cm

(3) 12.0 cm (4) None of the above

40. A ray of light is incident on a thick slab of glass of thickness t as shown in the figure. The emergent ray is parallel to the incident ray but displaced sideways by a distance d. If the angles i & r are small then d is :-



(1) $t\left(1-\frac{i}{r}\right)$ (2) $rt\left(1-\frac{i}{r}\right)$

(3) $it\left(1-\frac{r}{i}\right)$ (4) $t\left(1-\frac{r}{i}\right)$

41. The refracting angle of a prism is A, and refractive index of the material of the prism is cot(A/2). The angle of minimum deviation is :-

(1) 180° – 2A (2) 90° – A

(3) 180° + 2A (4) 180° – 3A

42. किसी कॉच की छड़ का एक सिरा गोलाकार है, जिसकी वक्रता त्रिज्या R है और गोलीय सतह का केन्द्र काँच के भीतर है। काँच का अपवर्तनांक n = 1.5 है। छड़ के अक्ष पर वायु में (चित्रानुसार) बिन्दु P पर एक पिण्ड को रखा गया है। इसका वास्तविक प्रतिबिम्ब काँच के भीतर बिन्दु Q पर बनता है। P और Q को जोड़ने वाली रेखा काँच की सतह को बिन्दु O पर काटती है (चित्र देखिये) जिससे OP = 2OQ होता है। दूरी PO का मान होगा :-



(1) 8 R (2) 7 R

(3) 2 R (4) इनमें से कोई नहीं

43. चन्द्रमा का व्यास 3.5×10^3 km है तथा इसकी पृथ्वी से दूरी 3.8×10^5 km है। यदि इसे एक दूरदर्शी की सहायता से देखा जाता है, जिसके अभिदृश्यक एवं नैत्रिका की फोकस दूरी 4 मी. तथा 10 सेमी. है। तब चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब का कोणीय आकार होगा :-

(1) 12° (2) 21° (3) 36° (4) 30°

44. एक प्रकाश किरण एक माध्यम में आपतन कोण i से आपतित होती है तथा दूसरे माध्यम में अपवर्तन कोण r से अपवर्तित होती है। इसके लिए sin r का sin i के साथ वक्र चित्रानुसार है। इससे निष्कर्ष निकाला जा सकता है :-



(i) द्वितीय माध्यम में प्रकाश का वेग प्रथम माध्यम का $\sqrt{3}$ गुना है।

(ii) प्रथम माध्यम में प्रकाश का वेग द्वितीय माध्यम का $\sqrt{3}$ गुना है।

(iii) दोनों माध्यम का क्रांतिक कोण $\sin i_c = (1/\sqrt{3})$ से दिया जाता है।

(iv) दोनों माध्यम का क्रांतिक कोण $\sin i_c = 1/\sqrt{2}$ से दिया जाता है।

सही कथनों का चयन करें :-

(1) (i), (iii) (2) (ii), (iii)

(3) (ii), (iv) (4) (i), (iv)

42. One end of a glass rod of refractive index n = 1.5 is a spherical surface of radius of curvature R. The centre of the spherical surface lies inside the glass. A point object placed in air on the axis of the rod at the point P has its real image inside glass at the point Q (see fig.). A line joining the points P and Q cuts the surface at O such that OP = 2OQ. The distance PO is :-



(1) 8 R (2) 7 R

(3) 2 R (4) None of these

43. The diameter of the moon is 3.5×10^3 km and its distance from the earth is 3.8×10^5 km. It is seen through a telescope having focal lengths of objective and eye-piece as 4 m and 10 cm respectively. Calculate angular size of image of moon :-

(1) 12° (2) 21° (3) 36° (4) 30°

44. When light is incident on a medium at angle i and refracted into a second medium at an angle r, the graph of sin r verses sin i is as shown. From this, one can conclude that :-



(i) The velocity of light in second medium is $\sqrt{3}$ times the velocity of light in the first medium.

(ii) The velocity of light in first medium is $\sqrt{3}$ times the velocity of light in second medium.

(iii) The critical angle of the two media is given by sin $i_c = (1/\sqrt{3})$.

(iv) The critical angle of the two media is given by sin $i_c = 1/\sqrt{2}$.

Choose correct statements:

(1) (i), (iii) (2) (ii), (iii)

(3) (ii), (iv) (4) (i), (iv)

45. दो पतले लैंसों के युग्म सूची I मे प्रदर्शित हैं। प्रत्येक सतह की वक्रता त्रिज्या r है, एवं पदार्थ का अपवर्तनांक 1.5 है। सूची I में दिए गए लैंस युग्म को सूची II मे दी गई फोकस दूरी से मिलान कीजिए।

	सूची-I		सूची-II
(P)		(1)	2r
(Q)		(2)	r/2
(R)		(3)	−r
(S)		(4)	r

(1) (P−1), (Q−2), (R−3), (S−4)

(2) (P−2), (Q−4), (R−3), (S−1)

(3) (P−4), (Q−1), (R−2), (S−3)

(4) (P−2), (Q−1), (R−3), (S−4)

46. यंग द्विस्लिट प्रयोग में दो स्लिटों को प्रकाशित करने के लिए श्वेत प्रकाश का उपयोग किया जाता है। स्लिटों के मध्य दूरी b है एवं पर्दा इनसे d(>>b) दूरी पर है। किसी एक स्लिट के ठीक सामने पर्दे के एक बिन्दु पर कुछ तरंगदैर्ध्य अनुपस्थित है। उनमें से कुछ तरंगदैर्ध्य है :

(i) $\lambda = \frac{b^2}{d}$ (ii) $\lambda = \frac{2b^2}{d}$

(iii) $\lambda = \frac{b^2}{3d}$ (iv) $\lambda = \frac{2b^2}{3d}$

(1) (i), (ii)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (iii)

(4) (ii), (iv)

45. For combination of two thin lenses are given in List-I. The radius of curvature of all curved surfaces is r and the refractive index of all the lenses is 1.5. Match lens combination in List-I with their focal length in List-II and select the correct answer using the code given below in the lists-

	List-I		List-II
(P)		(1)	2r
(Q)		(2)	r/2
(R)		(3)	−r
(S)		(4)	r

(1) (P−1), (Q−2), (R−3), (S−4)

(2) (P−2), (Q−4), (R−3), (S−1)

(3) (P−4), (Q−1), (R−2), (S−3)

(4) (P−2), (Q−1), (R−3), (S−4)

46. White light is used to illuminate two slits in a Young's double slit experiment. The separation between the slits is b and the screen is at a distance d(>>b) from the slits. At a point on the screen directly in front of one of the slits, certain wavelengths are missing Some of these missing wavelengths are :-

(i) $\lambda = \frac{b^2}{d}$ (ii) $\lambda = \frac{2b^2}{d}$

(iii) $\lambda = \frac{b^2}{3d}$ (iv) $\lambda = \frac{2b^2}{3d}$

(1) (i), (ii)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (iii)

(4) (ii), (iv)

47. कॉलम-I यंग के द्विस्लिट प्रयोग में हुए परिवर्तनों को दर्शाता है जबकि कॉलम-II प्रयोग के दौरान फ्रिंजों की आकृतियों में हुए परिवर्तनों को दर्शाता है। कॉलम-I में दी गई स्थितियों को कॉलम -II में दिये गये परिणामों से सुमेलित कीजिऐ

	कॉलम-I		कॉलम-II
(A)	यदि सोडियम प्रकाश को समान तीव्रता के लाल प्रकाश से परिवर्तित किया जाए	(p)	केन्द्रीय फ्रिंज को छोड़कर सभी फ्रिंज रंगीन हो जाती है।
(B)	एकवर्णीय प्रकाश किरणों को सफेद प्रकाश के द्वारा परिवर्तित किया जाए है।	(q)	फ्रिंजो की चौड़ाई चार गुनी हो जायेगी
(C)	पर्दा और स्लिटों के बीच की दूरी को दोगुना और स्लिटों के बीच की दूरी को आधा करने पर	(r)	चमकीली फ्रिंज की चमक कम हो जायेगी
(D)	यदि किसी एक स्लिट को आंशिक पारदर्शी कागज के द्वारा ढका जाए	(s)	फ्रिंज की चौड़ाई बढ़ जाती है।

(1) A-s; B-p; C-q; D-r (2) A-p; B-s; C-r; D-q

(3) A-q; B-r; C-p; D-s (4) A-r; B-q; C-p; D-s

48. t मोटाई तथा μ अपवर्तनांक की एक प्लेट द्वि-स्लिट प्रयोग में एक स्लिट के आगे रख देते हैं। प्लेट की न्यूनतम मोटाई कितनी होनी चाहिए जिससे फ्रिन्ज प्रतिरूप के केंद्र पर तीव्रता शून्य हो :-

(1) $\frac{(\mu-1)\lambda}{2}$ (2) $(\mu-1)\lambda$

(3) $\frac{\lambda}{2(\mu-1)}$ (4) $\frac{\lambda}{(\mu-1)}$

49. सामान्य प्रकाश का एक पुंज 6 पोलेराइडों के एक निकाय पर आपतित होता है। इन पोलेराइडों को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया है कि प्रत्येक पोलेराइड अपने से पहले वाले पोलेराइड के साथ 30° का कोण बनता है। इस निकाय पर आपतित होने वाले प्रकाश का लगभग कितने प्रतिशत भाग निकाय से गुजरेगा :-

(1) 100% (2) 50% (3) 30% (4) 12%

50. ध्रुवण के अन्योय लम्बवत् तलों वाले प्रारम्भिक तीव्रता I_A & I_B के समतल ध्रुवीय प्रकाश के दो पुंज A और B एक पोलरायड द्वारा देखे जाते हैं। उस स्थिति से जहाँ पुंज A की अधिकतम तीव्रता है (और पुंज B की शून्य तीव्रता है) पोलाराइड को 30^o से घूर्णन करवाया जाता हैं। अब यदि दोनों पुँजों की तीव्रताएं समान हो जाएं, तो I_A/I_B का मान है।

(1) 3 (2) 3/2 (3) 1 (4) 1/3

47. Column-I shows the changes introduced in Young's double slit experiment while Column-II tell the changes in the fringe pattern while performing the experiment. Match each situation given in Column-I with the results given in column-II.

	Column-I		Column-II
(A)	If sodium light is replaced by red light of same intensity	(p)	All fringes are coloured except central fringes
(B)	Monochromatic light is replaced by white light	(q)	Fringe width will become quadrupled
(C)	Distance between slits and screen is doubled and the distance between slits is halved	(r)	The bright fringe will become less bright
(D)	If one of the slits is covered by cellophane (translucent) paper	(s)	The fringe width will increase

(1) A-s; B-p; C-q; D-r (2) A-p; B-s; C-r; D-q

(3) A-q; B-r; C-p; D-s (4) A-r; B-q; C-p; D-s

48. A plate of thickness t made of a material of refractive index μ is placed in front of one of the slits in a double slit experiment. What should be the minimum thickness t for which the intensity at the centre of the fringe pattern is zero :-

(1) $\frac{(\mu-1)\lambda}{2}$ (2) $(\mu-1)\lambda$

(3) $\frac{\lambda}{2(\mu-1)}$ (4) $\frac{\lambda}{(\mu-1)}$

49. A beam of natural light falls on a system of 6 polaroids, which are arranged in succession such that each polaroid is turned through 30° with respect to the preceding one. The approximate percentage of incident intensity that passes through the system will be :-

(1) 100% (2) 50% (3) 30% (4) 12%

50. Two beams A & B of plane polarised light with initial intensities I_A & I_B and mutually perpendicular planes of polarisation are seen through a Polaroid. From the position when the beam A has maximum intensity (and beam B has zero intensity), a rotation of Polaroid through 30^o makes the intensity of two beams equal, then I_A/I_B equals.

(1) 3 (2) 3/2 (3) 1 (4) 1/3

Topic : Hydrocarbons, Organic Compounds Containing Halogens (Haloalkanes and Haloarenes)

अनुभाग - A (रसायनशास्त्र)

51. 

मुख्य उत्पाद है

(1) 

(2) 

(3) 

(4)

52.  $\xrightarrow[\Delta]{H^{\oplus}}$ उत्पाद है :-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

53. नाइट्रीकरण (ESR) की दर है :-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

54. $C_6H_6 + H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta}$

कौनसा अभिकर्मक बेंजीन पर आक्रमण करता है

(1) H_2SO_4 (2) $HSO_4^{\ominus}$

(3) SO_3 (4) SO_2

SECTION - A (CHEMISTRY)

51. 

Major product is

(1) 

(2) 

(3) 

(4)

52.  $\xrightarrow[\Delta]{H^{\oplus}}$ Product is :-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

53. Rate of Nitration (ESR) is :-

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

54. $C_6H_6 + H_2SO_4 \xrightarrow{\Delta}$

which reagent attacks on benzene

(1) H_2SO_4 (2) $HSO_4^{\ominus}$

(3) SO_3 (4) SO_2

55.

A और B हैं : (क्रमश :) :-

(1) Gammaxane, Benzene hexachloride

(2) Benzenehexachloride, Gammaxane

(3) Hexachlorobenzene, Gammaxane

(4) Gammaxane, Hexachlorobenzene

56. $\begin{matrix}CH_2-COOK\\|\\CH_2-COOK\end{matrix} \xrightarrow{\text{electrolysis}} (A)\ (major)$

[कोल्बे विद्युत अपघटन विधि], अभिक्रिया का उत्पाद (A) है :-

